# Obstetric ultrasound (Hindi)

Adult (including Gillick competent young person under 18 years) | Patient information

Queensland Government

**इस फॉर्म की एक नक़ल रोगी / वैकल्पिक निर्णय-निर्माता को ध्यान से पढ़ने के लिए दें और प्रक्रिया के बारे में कोई भी प्रश्न पूछने का समय दें। रोगी सूचना पत्र को रोगी के मेडिकल रिकॉर्ड में शामिल किया जाना चाहिए।**

## 1. प्रसूति अल्ट्रासाउंड क्या है और यह मेरी / रोगी को कैसे मदद करेगा?





*Image 1: Ultrasound (adapted). Illustration Copyright © 2019 Nucleus Medical Media, All rights reserved.* *www.nucleusmedicalmedia.com*

प्रसूति अल्ट्रासाउंड एक ऐसी प्रक्रिया है जो आपके गर्भाशय (गर्भ) के भीतर से आपके बच्चे की तस्वीरें लेने के लिए अल्ट्रासोनिक (ध्वनि तरंगों) का उपयोग करती है।

अल्ट्रासाउंड में किरणों का उपयोग नहीं होता है।

अल्ट्रासाउंड जांच के लिए उपयोगी है:
- गर्भावस्था के लिए, जिसमें बहु गर्भ भी शामिल हैं
- आपके अजन्मे बच्चे की उम्र
- आपकी गर्भावस्था में किन्ही असामान्यताओं के लिए। अल्ट्रासाउंड क्रोमोसोमल असामान्यताओं को अलग नहीं करता है और सभी असामान्यताओं को अल्ट्रासाउंड चित्र में नहीं देखा जा सकता है। अल्ट्रासाउंड चित्र की गुणवत्ता माँ के वजन, भ्रूण की स्थिति और स्कार टिश्यू की उपस्थिति से प्रभावित हो सकती है
- आपके बच्चे और नाल की स्थिति
- आपका गर्भाशय
- आपके बच्चे के चारों ओर एमनियोटिक द्रव
- आपके बच्चे का विकास और स्वास्थ्य

प्रसूति अल्ट्रासाउंड एक दर्द रहित प्रक्रिया है, किसी बेहोशी की दवा की आवश्यकता नहीं है।

## प्रक्रिया के लिए तैयारी

चिकित्सा इमेजिंग विभाग आपको अपने स्कैन की तैयारी के बारे में निर्देश देगा, इसमें शामिल हो सकते हैं:
- मूत्राशय का भरा होना
- ढीले ढाले, टू-पीस कपड़े पहने क्योंकि प्रक्रिया के लिए केवल आपके पेट के निचले हिस्से को ही खुला रखना पड़ता है।

## प्रक्रिया के दौरान

कमरे में रोशनी कम कर दी जाएगी ताकि चित्रों को अधिक स्पष्ट रूप से देखा जा सके।

आपके पेट पर अल्ट्रासाउंड जैल लगाया जाएगा। जैल से त्वचा पर सलाई आसानी से फिसल पाती है और इससे स्पष्ट चित्रों मिलने में सहायता होती है।

अल्ट्रासाउंड तस्वीरें ले ली हैं ।

स्कैन पूरा हो जाने के बाद, जैल को आपकी त्वचा से पोंछ दिया जाएगा।

प्रक्रिया के अनुसार अल्ट्रासाउंड 30 से 60 मिनट का समय ले सकता है। यह समय सीमा आपके अजन्मे बच्चे की स्थिति और हलचल पर निर्भर करती है।

कभी-कभी, तस्वीरों की जानकारी को बेहतर बनाने के लिए एक ट्रांसवैजाइनल अल्ट्रासाउंड स्कैन की आवश्यकता होती है।

यदि आपका ट्रांसवैजाइनल स्कैन हो रहा है तो आपको इसकी प्रक्रिया बताई जाएगी। इसके बाद, प्रक्रिया के इस भाग को करने के लिए आपकी लिखित सहमति ली जा सकती है। आपके ट्रांसवैजाइनल स्कैन के दौरान एक दूसरा कर्मचारी भी कमरे में हो सकता है।

ट्रांसवैजाइनल अल्ट्रासाउंड स्त्री रोग जाँच के समान है। आपको एक चादर से ढका जाएगा। योनि में एक छोटा अल्ट्रासाउंड ट्रांसड्यूसर डाला जाएगा। ट्रांसड्यूसर को योनि में  घुमाया जाता है और अल्ट्रासाउंड तस्वीरें ली जाती हैं।

## 2. जोखिम क्या हैं?

अल्ट्रासाउंड होने से आपको या आपके शिशु को कोई खतरा नहीं है।

हो सकता है कि स्वास्थ्य और/या तकनीकी कारणों की वजह से यह प्रक्रिया संभव ना हो।

### प्रसूति अल्ट्रासाउंड नहीं करवाने के जोखिम क्या हैं?

यदि आप प्रस्तावित प्रक्रिया / उपचार / जांच / परीक्षण नहीं करवाना चाहते हैं तो इसके  परिणाम हो सकते हैं। कृपया डॉक्टर / चिकित्सक से बारे में बात करें।

## 3. क्या कोई विकल्प हैं?

एक प्रक्रिया करवाने का निर्णय लेने के लिए  रोगी / विकल्प निर्णयकर्ता को उपलब्ध विकल्पों को समझने की आवश्यकता होती है। कृपया अपने चिकित्सक / क्लिनिशन के साथ किसी भी वैकल्पिक उपचार विकल्पों के बारे में विचार विमर्श  करें।

## 4. प्रक्रिया के बाद क्या होगा?

आपकी स्वास्थ्य सेवा टीम आपसे इस बारे में बात करेगी कि आपकी प्रक्रिया के बाद औरअस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद क्या करना है।

## 5. प्रक्रिया कौन करेगा?

किसी परामर्शदाता / विशेषज्ञ के अलावा कोई चिकित्सक / क्लिनिशन चिकित्सकीय उपयुक्त प्रक्रिया / उपचार / जांच / परीक्षण में सहायता / संचालन कर सकता है।

इसमें प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले चिकित्सक/क्लिनिशन शामिल हो सकते हैं हालाँकि यह जानना चाहते पेशेवर दिशानिर्देशों के अनुसार वे निगरानी अधीन होते हैं।

यदि सभी प्रशिक्षणार्थी सम्बंधित है कि कौन सा चिकित्सक / क्लिनिशन यह प्रक्रिया कर रहा है, तो कृपया चिकित्सक / क्लिनिशन से बात करें।

## 6. मुझे सहायता या अधिक जानकारी कहां मिल सकती है?

अस्पताल की देखभाल: प्रक्रिया से पहले, दौरान और बाद में, के बारे में जानकारी क्वींसलैंड हेल्थ वेबसाइट www.qld.gov.au/health/services/hospital care/before-after से मिल सकती है जहाँ आप अपने स्वास्थ्य संबंधी अधिकारों के बारे में पढ़ सकते हैं।

कर्मचारी मरीजों की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक आवश्यकताओं में सहायता के लिए उपलब्ध हैं। यदि आप सांस्कृतिक या आध्यात्मिक सहायता चाहते हैं, तो कृपया अपने चिकित्सक / क्लिनिशन से इस बारे में बात करें।

क्वींसलैंड हेल्थ ने माना है कि एबोरिजिनल और टोरेस स्ट्रेट आइलैंडर मरीज़ सबसे अच्छी नैदानिक देखभाल तब महसूस करेंगे जब उनकी संस्कृति को साझा निर्णय लेने के लिए शामिल किया जाता है।

## 7. प्रश्न

यदि आप  इस रोगी सूचना पत्र के किसी पहलू को नहीं समझे या अगर आपके अपने / रोगी की स्वास्थ्य स्थिति सम्बन्धी, इलाज के विकल्प और प्रस्तावित प्रक्रिया / उपचार / जांच / परीक्षा के बारे में कोई प्रश्न हैं तो कृपया आप चिकित्सक/क्लिनिशन से पूछें।

## 8. हमसे संपर्क करें

**आपातकालीन स्थिति में ट्रिपल जीरो (000) पर कॉल करें।**

यदि यह आपातकालीन स्थिति नहीं है, लेकिन आपको चिंता है, तो 13 HEALTH (13 43 25 84), संपर्क करें।

© The State of Queensland (Queensland Health) 2021. Except as permitted under the *Copyright Act 1968*, no part of this work may be reproduced communicated or adapted without permission from Queensland Health. To request permission email: ip_officer@health.qld.gov.au